IndianOil
वर्ष 2022 हरित भविष्य की ओर

आज़ादी का अमृत महोत्सव

अध्यक्ष, इंडियनऑयल का हिंदी दिवस के अवसर पर संदेश

14 सितंबर 2022

प्रिय साथियो,

हिंदी दिवस के अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।

भाषा राष्ट्र की पहचान होती है जिसमें राष्ट्र की सभ्यता, संस्कृति और संस्कार प्रतिबिंबित होते हैं। 14 सितंबर का दिन वर्ष 1949 के उस ऐतिहासिक दिन की याद दिलाता है जब हमारे संविधान निर्माताओं ने देश के विशाल जनसमूह में भाषा के प्रयोग एवं संपन्नता को देखते हुए हिंदी को संघ की राजभाषा बनाने का निर्णय लिया था और इसी स्मरणीय निर्णय के फलस्वरूप भारतीय संविधान के लागू होने के साथ-साथ 26 जनवरी 1950 को संविधान की धारा 343 के अनुसार हिंदी भारतीय संघ की राजभाषा बनी। हिन्दी भाषा के प्रचार और प्रसार का संवैधानिक दायित्व भारत सरकार को सौंपा गया जिससे हिंदी भारत की सामासिक संस्कृति के सभी तत्वों की अभिव्यक्ति का माध्यम बन सके। हिंदी हमारी राजभाषा के साथ-साथ राष्ट्रीय एकता की भी भाषा है तथा हमारे देश की मिलीजुली संस्कृति की छवि है।

अपनी व्यापक भौगोलिक व व्यावसायिक उपस्थिति के नाते, इंडियनऑयल भारत की जन-जन की भाषा से जड़ा हुआ है। अतः इंडियनऑयल द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं व सुविधाओं के बारे में प्रत्येक व्यक्ति तक जानकारी पहुँचाने के लिए तथा अपने व्यावसायिक लक्ष्यों को सुगमता से प्राप्त करने के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि हम जनभाषा के सरल और प्रभावी प्रयोग से जनता के बीच संपर्क-सेतु स्थापित करें। हमारा उद्देश्य यह होना चाहिए कि हम जो बात कहना चाहते हैं वह दूसरों को आसानी से समझ में आ रही है। प्रतिस्पर्धा के युग में यह भी आवश्यक हो गया है कि हम मातृभाषा के अलावा, राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय भाषाओं का भी ज्ञान रखें जिससे कि वैश्विक स्तर पर हो रहे विकास से अवगत रहें।

देश की शीर्ष महारत्न कंपनी एवं अग्रणी सार्वजनिक उपक्रम होने के नाते,राजभाषा हिन्दी का प्रचार और प्रसार हमारा संवैधानिक दायित्व है। इसके लिए एक महत्वपूर्ण कदम यह होगा कि हिन्दी को हम दैनिक व्यवहार की भाषा बनाएं।

इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया के माध्यमों से हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के साथ-साथ हम बैठकों,वार्तालापों ,सम्मेलनों, गोष्ठियों तथा कार्यक्रमों में हिंदी को अपनाएं। भारत सरकार के राजभाषा विभाग, केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान व केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो द्वारा संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम भी इस दिशा में सहायक हैं। इसी क्रम में हमारे सभी कार्यालयों में 14 सितंबर से 29 सितंबर,2022 तक हिन्दी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। मेरी आशा है कि आप सभी इनमें बढ़-चढ़कर भाग लेकर कार्यक्रमों को सफल बनाएंगे और संवैधानिक प्रावधानों का अनुपालन करते हुए वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए भरसक प्रयास करेंगे।

हमने हाल ही में आज़ादी के 75 वर्ष पूर्ति का अमृत महोत्सव मनाया है। अगले 25 वर्षों तक की यात्रा एक नए भारत का अमृत काल है। इस अमृत काल के दौरान, विविधिताओं में एकता के स्वरूप को अंगीकृत कर, हमें अपनी संस्कृति, साहित्य, मूल्यों एवं भाषाओं को और सुदृढ़ करना होगा जिससे हम शक्तिशाली, हरित, ऊर्जावान व आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर सकें।

आइए, हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर संकल्प लेते हैं कि हम सभी उत्साह और गर्व के साथ अपना कार्यालयीन कामकाज यथासंभव हिंदी में करेंगे।

आप सभी को पुनः हिन्दी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

जय हिंद, जय हिंदी।

नई दिल्ली

14 सितंबर 2022

एस. एम. वैद्य

श्रीकांत माधव वैद्य
अध्यक्ष, इंडियनऑयल